asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 03 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 140, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# होली सद्भाव, अपनत्व और गिले-शिकवे भुलाने का पर्व है : मुख्यमंत्री

## रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह रंगोत्सव मुख्यमंत्री हुए शामिल





**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह च्चरंगोत्सवज्ज् एवं च्चमहामूर्ख सम्मेलन 2026ज्ज् में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का पावन अवसर भी है। यह पर्व हमें छोटी-छोटी अनबन और गिले-शिकवे भुलाकर नए सिरे से संबंधों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर प्रेस क्लब में पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। रायपुर प्रेस क्लब वर्षों से होली मिलन और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का कार्य कर रहा है, यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने प्रेस क्लब परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि यह उल्लासपूर्ण पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता लेकर आए। इस दौरान रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री साय का अनूठे अंदाज में मिर्ची की माला पहनाकर तथा त्रिशूलनुमा पिचकारी भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के होली विशेषांक च्सेंसलेस टाइम्सज् का विमोचन भी किया। होली मिलन समारोह में उमंग का तब अनोखा वातावरण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वयं नगाड़ा बजाकर उत्सव का जोश दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री के नगाड़ा बजाते ही समारोह में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने तालियों से उत्साह व्यक्त किया और पूरे परिसर में आनंद की लहर दौड़ गई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकार साथियों के साथ फाग गीतों और होली के उल्लास में सहभागी बने। कार्यक्रम में संगीत, संस्कृति और आपसी भाईचारे का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री आर कृष्णा दास, राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडेय, विधायक श्री सुनील सोनी, श्री मोतीलाल साहू, रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री मोहन तिवारी सहित अन्य पत्रकारगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## महाकाल मंदिर में गोबर से निर्मित पिंडलियों से होलिका दहन किया गया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महाकाल मंदिर में गोबर से निर्मित पिंडलियों से होलिका दहन किया गया जिससे प्रदूषण का पूरा ध्यान रखा गया लकड़ी का उपयोग नहीं किया गया जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया गुलाब की पंखुड़ियां, गेंदा फूल एवं प्राकृतिक रंगों और गुलाल से तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं और बधाई एक दूसरे लगाकर दी।



## गंडई नगर पंचायत में ताला जड़ा गया

गंडई (नांदगांव टाइम्स)। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो एवं ब्लाक कांग्रेस गंडई के अध्यक्ष मन्नू चंदेल के द्वारा दिन सोमवार को विभिन्न मुद्दों लेकर नगर पंचायत गंडई में तालाबंदी किया गया जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गंडई जिनका नगर पंचायत गंडई में मूल प्रभार है।लेकिन शासन प्रशासन द्वारा उन्हें नगर पालिका खैरागढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।अतिरिक्त प्रभार होने के कारण वे नगर पंचायत गंडई को पर्याप्त समय नही दे पा रहे है,जिसमे नगर का मूलभूत कार्य प्रभावित हो रहा है।साथ ही दोनों ही जगहों का कार्य प्रभावित हो रहा है।जिसके विरोध में नगर पंचायत गंडई में तालाबंदी किया गया एस डी ?म ने कहा व्यवस्था जल्द सुचारु करने का आश्वासन दिया तब खुला नगर पंचायत वही पर पार्षद दिलीप ओगरे पार्षद पति नारायण चतुर्वेदी विधायक प्रतिनिधि सालेन्द्र जायसवाल रडाजीत चंदेल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रुखमड़ी देवांगन कांति ताम्रकार आदि बड़ी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद रहे।



## गेमू कुंजाम बने भाजपा उत्तर मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला और मंडल राजनांदगांव की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन मंत्री पवन कुमार साय,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह भूआर्य ने शुक्रवार को अपनी टीम घोषित की। जिसमें गेमु लाल कुंजाम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का उत्तर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं । राजनांदगांव जिले के आदिवासी नेता गेमु लाल कुंजाम जी को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष का बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिली है, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह भूआर्य ,भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है ,गेमु लाल कुंजाम जी को उत्तर मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर राजनांदगांव जिले और प्रदेश के समाज प्रमुखों और महिला पुरुष बच्चों में खुशी व्याप्त है... गेमु लाल कुंजाम जी ने अपने नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश संगठन, जिला नेतृत्व एवं मंडल पदाधिकारियों के वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। इस दायित्व का मैं पूरी निष्ठा, समर्पण के साथ निर्वहन करूंगा इस अवसर पर राजनांदगांव विधायक और लाडले डॉक्टर रमन सिंह जी, सांसद संतोष पांडे जी, महापौर मधुसूदन यादव जी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल आयोग अध्यक्ष नीलू शर्मा जी, कर्मकार मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा जी, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल जी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल जी, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी जी, डिगेश साहू जी,पारस वर्मा जी, सावन वर्मा जी,राजेश श्यामकर जी आदि सभी ने बधाई प्रेषित की हैं।



## एनपीपीएस, बल्देवबाग का ग्रेजुएशन सेरेमनी सम्पन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के केजी-2 के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े उत्साह के माहौल में 28 फरवरी को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग स्कूल में सम्पन्न हुआ। सेरेमनी का आरंभ संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में केजी-2 के बच्चों को शाला द्वारा विशेष वेशभूषा (हेट-गाउन) पहनाया गया। इस आयोजन में इन छोटे बच्चों द्वारा अंग्रेजी व हिन्दी में भाषण एवं गीत भी प्रस्तुत किए गए। उक्त भाषण एवं गीतों को कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा पंक्तिबद्ध एवं स्वरबद्ध किया गया था। उक्त गीतों में च्माता-पिता तुम्हें वंदनज्ज् व च्हिन्दी महिनों के नामों की संगीतमय प्रस्तुतिज्ज् सुन पालक भाव-विभोर हो उठे। इस आयोजन में सभी पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को केजी-2 से क्लास-1 में जाने पर शुभकामनाएं एवं अशीर्वाद दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते हुए अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार रही है और रहेगी। नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास व गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरण, शाला द्वारा दिया जायेगा। इस आयोजन में पालकों में हर्ष का माहौल देखते ही बना। इस सफल आयोजन के लिए श्री बाजपेयी जी ने शाला की पूरी टीम की सराहना की। उक्त कार्यक्रम एनपीपीएस-बल्देवबाग एच.एम. श्रीमती वैशाली सिंग के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जिसमें डायेक्टर सुश्री कुंतल बाजपेयी, श्रीमती रेणु बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ ने अपनी सहभागिता निभाई तथा संस्था की ओर से सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए सभी पालकों को उनकी इस उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।




## पी एम श्री स्कूल डोंगरगांव की तिथि चौबे राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगी अपना जौहर

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, डोंगरगांव की तिथि चौबे, कक्षा - आठवीं की छात्रा ने ओपन स्टेट लेवल तीरंदाजी प्रतियोगिता के मिनी अंडर-15 वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय तथा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। तिथि चौबे आगामी 1 अप्रैल से विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जहां वे राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय के खेल शिक्षक हारून कुरैशी जिन्होंने उनका मार्गदर्शन किया तथा प्राचार्य बी. एल. देवांगन सहित सभी शिक्षकों ने तिथि चौबे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि तिथि आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।



## हाईकोर्ट बिलासपुर में आयोजित हुआ विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जिला लोक अभियोजक राजेश खांडेकर

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** हाईकोर्ट बिलासपुर के न्यायिक प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 01 मार्च 2026 को मुख्य अतिथि श्री रमेश सिन्हा, माननीय मुख्य न्यायाधीश, हाईकोर्ट बिलासपुर एवं अन्य न्यायमूर्तिगण की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के फास्ट ट्रेक कोर्ट, फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीशगण, लोक अभियोजकों, जिला अभियोजन अधिकारियों एवं विवेचना अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला न्यायालय राजनांदगांव के जिला लोक अभियोजक श्री राजेश खांडेकर सम्मिलित हुये।



# पदयात्री सेवा के साथ होगी माता आराधना भी संयुक्त सेवा पंडाल बागेश्वर धाम में





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी की हिन्दू सनातन धर्म सेवा संस्कार के अनुरूप प्रति नवरात्रा अनुसार माँ बमलेश्वरी जाने वाले पदयात्रीयों की सेवा बेहतर रूप से इस चैत्र नवरात्र मे किये के उद्देश्य से मां बम्बलेश्वरीदेवी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल बागेश्वर धाम मंदिर में बैठक आयोजित की गई। जिसकी जानकारी देते हुए, पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल,सूरज गुप्ता,योगेश साहू, सौरभ गुप्ता ने बताया कि माता अराधना के इस पर्व को इस वर्ष के नवरात्र में नारीशक्ति का समर्पित किया गया है। नगर की अनेक समाज धर्मसेवी संस्थाओं,नागरिको द्वारा संयुक्त रूप से मां बम्लेश्वरी जाने वालो पदयात्रियों के उनके विश्राम , स्वल्पाहार,भोजन, प्रसादी चिकित्सा सेवा,मोबाइल चार्जिंग सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है। उसके अनुरूप ही उत्कृष्ट सेवा प्रदान किया जाने हेतु बैठक रखी गई. बैठक का आरम्भ माँ बमलेश्वरी की आरती से की गई. जिसके पश्चात श्रीमती शारदा तिवारी डॉ. डी.सी.जैन,राकेश ठाकुर (शनि धाम),संतोष पटाक (सनातन धर्म सभा )श्रीमती शोभा चोपड़ा, ममता शर्मा, प्रतिभा खंडेलवाल आदि के द्वारा अपने विचार रखे गए। जिसमें पदयात्रियों की सेवा के साथ-साथ बागेश्वर धाम मंदिर मे मां बम्लेश्वरी के स्थापित दरबार में प्रतिदिन 7.30 बजे महाआरती के साथ साथ पंचमी से लेकर नवमी तक,नारी शाक्यिों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन भजन,जस गीत,मंगल पाठ आदि किए जाएंगे। जिस हेतु सर्वसम्मती से आयोजन समिति में सेवा संरक्षक श्रीमती शारदा तिवारी ,सोहन लाल गुप्ता, रामावतार जोशी, संयोजक मौसमी शर्मा,प्रज्ञा गुप्ता,सविता जोशी, सुषमा सिंह,मोना गोसाई, शोभा चोपड़ा,जनक बाई गुप्ता, टीना खंडेलवाल को बनाया गया है। आयोजन समिति का पुरूष वर्ग मे अध्यक्ष भावेश अग्रवाल (गंगई) महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल होगी। तथा कार्यकारिणी को विस्तार कर विस्तृत सेवा कार्यकारिणी बनाई जावेगी। संयुक्त सेवा पंडाल के समस्त सेवा सदस्यों पदाधिकारियों द्वारा संस्कार धानी मे हिन्दू सनातन धर्म सेवा संस्कार से जुडने व इस धार्मिक सेवा भावी आयोजन में सेवा सहयोग, माता आराधना,धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का आग्रह किया है। बैठक मे मुख्य रूप से विजय गुप्ता शरद गुप्ता,संजय अग्रवाल,लक्ष्मी गुप्ता, लक्ष्मी शर्मा, अजय गुप्ता ,अर्चना अग्रवाल, लता महोबिया, महेश शर्मा, अनीता फांसीस,माया अग्रवाल, पुष्पा यादव, तुईसा बांदिले, यशोदा गुप्ता, पन्ना ठाकुर, राज गुप्ता, विकास गुप्ता, दुर्गा गुप्ता,वंदना गुप्ता,चंचल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।बैठक के अंत मे लोक भजन गायिका श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा भजन से बैठक् का समापन किया गया. आभार प्रर्दशन भावेश अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण संचालन पंकज गुप्ता सौरभ खंडेलवाल द्वारा किया गया।



## नवीन बाजार क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करते 01 आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) महोदय के मार्गदर्शन में, अति. पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र




बघेल एवं श्री अमित पटेल के निर्देशन में तथा एसडीओपी कवर्धा आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री के खिलाफलगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 01/03/2026 को थाना कवर्धा कोतवाली क्षेत्र में देहात/कस्बा पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दिनांक 01/03/2026 को समय लगभग 14.20 बजे मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नवीन बाजार सुलभ शौचालय के पास कवर्धा में चंद्रभान पार्त्रे नामक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना कवर्धा के सउनि सुनील यादव द्वारा हमराह स्टाफव गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। मौके पर एक व्यक्ति शराब बिक्री हेतु शराब रखे हुए मिला, नाम पूछने पर उसने अपना नाम चंद्रभान पार्त्रे पिता स्व. प्रेमलाल पार्त्रे उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 27 नवीन बाजार कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) बताया। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के बोरी के थैले में रखी हुई देशी मसाला एवं देशी प्लेन शराब तथा बिक्री की नगदी रकम 260/- रुपये बरामद की गई।आरोपी के कब्जे से निम्न सामग्री जप्त की गई - 01. देशी मसाला शराब पौवा 180 एमएल की 41 शीशी, कुल मात्रा 7.380 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 4100 रुपये 02. देशी प्लेन शराब पौवा 180 एमएल की 16 शीशी, कुल मात्रा 2.880 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 1280 रुपये 03. शराब बिक्री की नगदी रकम 260/- रुपये कुल जप्त शराब 10.260 बल्क लीटर, कुल कीमत 5640 रुपये।

## 3 मार्च को जामसरार में फाग प्रतियोगिता

**तुमड़ीबोड़ ( नांदगांव टाइम्स ) ।** समीपस्थ ग्राम जामसरार में 3 मार्च को फाग प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी अमित बंजारे, पंकज बंजारे ने दी।

## उपचार के दौरान मौत, वारिसान के बारे में पता नहीं

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 26.02.2026 को स्टेशन चेकिंग दौरान सिटी बुकिंग काउंटर डोंगरगढ़ के पास एक बिमार व्यक्ति बैठा मिला जिसे स्वांस लेने मे दिक्कत हो रहा था जिसका उपचार हेतु 112 से CHC डोंगरगढ़ भेजा गया डॉक्टर साहब द्वारा gmch पेण्ड्री राजनांदगाव ईलाज हेतु रिफर करने से 108 से भेजा गया



जहाँ उपचार दौरान मौत हो गया अस्पताली मेमो पर जीआरपी थाना डोंगरगढ़ मे मर्ग क्रमांक 08/26 धारा 194 Bnss कायम कर जांच मे लिया गया है अज्ञात मृतक के नाम वारिसान के बारे मे कोई पता नहीं चला है जानकारी होने पर जीआरपी थाना डोंगरगढ़ मो न 9479191506 पर सूचित करे।

**शुभांक**

**2-6-7**

**137-1 148-3**

**भाग्यांक**

**130-4 269-7**

**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत "नांदगांव टाइम्स" दैनिक समाचार पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विषयक जानकारी**

**घोषणा पत्र**

**(फार्म 4 नियम 8)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल | : | गंज चौक, राजनांदगांव |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | अशोक कुमार पाण्डे |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| निवास | : | सिनेमा लाईन, राजनांदगांव |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | अशोक कुमार पाण्डे |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| निवास | : | सिनेमा लाईन, राजनांदगांव |
| 5. संपादक का नाम | : | अशोक कुमार पाण्डे |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| निवास | : | सिनेमा लाईन, राजनांदगांव |
| 6. पत्र का स्वामित्व | : | |
| भागीदारी अथवा एक प्रतिशत से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | | अशोक कुमार पाण्डे |

मैं अशोक कुमार पाण्डे एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सही है।

हस्ताक्षर

अशोक कुमार पाण्डे

दिनांक 02.03.2026 प्रकाशक

# डॉ. रमन सिंह ने दिलाई 10 करोड़ 38 लाख रूपये की स्वीकृति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )!** 02 मार्च विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले के विकास कार्यो के लिये सतत प्रयत्नशील है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधोसरंचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के लिये राशि में से प्रावधानित राशि 10 करोड़ 38 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इस हेतु माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मान. मंत्री टंकराम वर्मा अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए डॉ. रमन सिंह द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर अमल करते हुए स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अनुसार राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में निर्माण/विकास कार्य निम्नानुसार है-

ग्राम बांकल में सी.सी.रोड रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख रूपये, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बरगा हेतु 5.20 लाख, ग्राम रीवागहन में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बांकल हेतु 10 लाख रुपये, ग्राम रवेली में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम तोरणकट्टा हेतु 7.20 लाख, ग्राम मनकी में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 10 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम गठुला हेतु 10 लाख, ग्राम डिलापहरी में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बरगाही हेतु 10 लाख, ग्राम धामनसरा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम सिंघोला हेतु 10.40 लाख, ग्राम कोपेडीह में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम ठेकवा हेतु 5.20 लाख, ग्राम मौहाभाठा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम सांकरा हेतु 5.20 लाख, ग्राम मगरलोटा में सी.सी. रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम कोटरा हेतु 5.20 लाख, ग्राम मलपुरी में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम मुड़पार हेतु 10.40 लाख, ग्राम सांकरा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम सुरगी हेतु 5.20 लाख, ग्राम कोटराभांठा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बेलटिकरी हेतु 5.20 लाख, ग्राम कुम्हालोरी में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, भोथीपार खुर्द में सर्वसामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम जंगलेसर हेतु 5 लाख, ग्राम भानपुरी में सर्व सामुदायिक भवन निर्माण



**विकास कार्यो से बदलेगी गॉवों की तस्वीरे**

हेतु 10 लाख, सर्व सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम खैरा हेतु 4 लाख, ग्राम अचानकपुर भांठापारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सर्व सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम पार्रीकला हेतु 10 लाख, ग्राम आलीखूंटा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम डीलापहरी हेतु 10 लाख, ग्राम बागतराई में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम गातापार हेतु 10 लाख, ग्राम धर्मापुर में व्यवसायिक परिसर निर्माण हेतु 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम लिटिया हेतु 10 लाख, ग्राम भोथीपार खुर्द पुराना में सुलभ शौचालय निर्माण हेतु 5 लाख, मंगल भवन निर्माण ग्राम ढोड़िया हेतु 10 लाख, ग्राम भंवरमरा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम भोथीपार कला हेतु 10 लाख, ग्राम खुटेरी में व्यवसायिक परिसर निर्माण हेतु 10 लाख, यादव भवन निर्माण ग्राम सोमनी हेतु 10 लाख, ग्राम अंजोरा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सर्व सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम ककरेल हेतु 10 लाख, ग्राम ठाकुरटोला में सामुदायिक भवन निम्रण हेतु 10 लाख, मंगल भवन निर्माण ग्राम ईरा हेतु 10 लाख, ग्राम बिरेझर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सर्व सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम नवागांव हेतु 10 लाख, ग्राम फुलझर में सर्व सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सार्वजनिक शौचालय निर्माण ग्राम बेलटिकरी हेतु 5 लाख, सर्व सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम बुचीभरदा हेतु 10 लाख, ग्राम भर्रेगांव में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 12 लाख, ग्राम कुसमी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम धीरी हेतु 6.50 लाख, ग्राम भंवरमरा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, ग्राम बरगा, बीरेझर, उसरीबोड़, महराजपुर, डीलापहरी, फ़रहद, सुरगी, ठाकुरटोला एवं कुसमी में हाईमास्ट लाईट एवं तडित चालत स्थापना हेतु 5-5 लाख, डोम शेड निर्माण ग्राम बैगाटोला हेतु 7 लाख, ग्राम धीरी में आहता निर्माण हेतु 7 लाख, नाली निर्माण ग्राम फ़रहद हेतु 10 लाख, ग्राम सुंदरा में मुक्तिधाम निर्माण हेतु 5 लाख, शेड निर्माण ग्राम रानीतराई हेतु 5 लाख, ग्राम उसरीबोड़ में शेड निर्माण हेतु 5.20 लाख, ग्राम बोरी के प्राथमिक शाला में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम भोड़िया में नाली निर्माण हेतु 4 लाख, आंगनबाड़ी में बाउण्ड्रीवॉल ग्राम सिंघोला हेतु 5 लाख, ग्राम ठेकवा में प्रवेश द्वार निर्माण हेतु 5 लाख, प्रतिक्षालय निर्माण ग्राम फ़रहद हेतु 5 लाख, ग्राम सुरगी में सतनामी एवं ढीमर समाज के भवन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण हेतु 5-5 लाख, ग्राम आरला में प्रतिक्षालय भवन निर्माण हेतु 5 लाख, ग्राम मलपुरी व बिरेझर में नाली निर्माण हेतु 4-4 लाख, ग्राम आरला व बुचीभरदा में डोम शेड निर्माण हेतु:5-5 लाख, आहता निर्माण ग्राम पंचायत भवन ग्राम आरला हेतु 6 लाख, ग्राम पनेका के आंगनबाड़ी भवन में आहाता निर्माण हेतु 5 लाख, शमशान घाट में आहाता निर्माण ग्राम सिंघोला हेतु 8 लाख, ग्राम देवादा के प्राथमिक शाला में आहाता निर्माण हेतु 10 लाख, मिनी स्टेडियम में आहता निर्माण ग्राम नवागांव हेतु 5 लाख, ग्राम सोमनी के सी.एस.सी. सेंटर में आहाता निर्माण हेतु 5 लाख, आहाता निर्माण कार्य ग्राम सुकुलदैहान हेतु 5 लाख, ग्राम जंगलेसर में डोम शेड निर्माण हेतु 8 लाख, ग्राम भेड़ीकला में डोम निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम टेड़ेसरा में मंच निर्माण हेतु 3 लाख, अंबेडकर भवन में टाईल्स लगाने ग्राम कुम्हालोरी हेतु 5 लाख, ग्राम परमालकसा में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु 5 लाख, ग्राम फुलझर में मंच निर्माण हेतु 4 लाख, निर्मलाघाट निर्माण ग्राम बैगाटोला हेतु 2.60 लाख, ग्राम सुरगी में निर्मलाघाट निर्माण हेतु 2.60 लाख व मनकी में निर्मलाघाट निर्माण हेतु 5.20 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।विधानसभा राजनांदगांव के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, रोहित चंद्राकर, लीलाधर साहू , तरूण लहरवानी, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू , प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, पुष्पा गायकवाड़ सहित भाजपा नेताओ ने विकास कार्यों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त किया ।




राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आज एन एस एम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में बच्चों ने रंगोत्सव के पर्व पर एक -दूसरे को रंग लगाया और मस्ती में झूम -झूमकर उछल - कूद की।

## होली 2026 : संस्कार सिटी कॉलेज में उमंग और खुशियों का संगम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजूकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में होली का त्योहार धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय का परिसर रंग-बिरंगे गुलाल और मुस्कान से सजा हुआ था, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एकता और भाईचारे का परिचय दिया। इस खास अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) गुरप्रीत कौर ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकगण को होली के रंगों से प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हम सबको जीवन में सद्भावना, प्रेम और भाईचारे की महत्वपूर्णता समझाता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ ने मिलकर इस पर्व को एक परिवार की तरह मनाया। यह उत्सव न केवल रंगों और खुशी का था, बल्कि यह एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है, जिससे महाविद्यालय का माहौल और भी जीवंत हो उठा। प्राचार्य ने यह भी कहा कि होली हमें यह सिखाती है कि जीवन में प्रेम और एकता के रंग हमेशा बने रहना चाहिए और हम सभी मिलकर समाज में खुशियों का प्रकाश फैलाएं। संस्कार सिटी कॉलेज परिवार की ओर से सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस रंगीन पर्व से आपके जीवन में खुशियाँए समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार हो।



# होली की रात को रोड़ में लकड़ी और खंबा रखकर वाहन चालकों को गिराते हैं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** होली पर्व के दौरान कई जगहों पर यह देखने को मिलता है कि नेशनल हाइवे को छोड़कर अंदर की तरफजाने वाले कच्चे पक्के मार्गों में स्थित कई गांव में नशा दारू शराब पीने वाले असामाजिक तत्व झुंड बनाकर आने जाने वाले मार्गों पर लकड़ी के छोटे बड़े गोले और बिजली के खंभे को रोड़ में आर पार लगाकर पैरा या घास से ढक कर रखा जाता है और आने जाने वाले लोगों को गिराने का काम किया जाता है और गिरने या रुकने पर लूट मारी की कोशिश की जाती है, गाली गलौच लड़ाई झगड़ा किया जाता है, साइकिल सवार अंधेरे में टकराकर गिर जाता है, बाइक सवार भी कई बार गिर चुके हैं, चार पहिया वाहन अगर निकलने की कोशिश करेगा तो निकल नहीं पाएगा क्योंकि वाहन की गति धीमी करने के बाद पास में बैठे हुए यही तत्व वाहन के पास आकर जबरन पैसे की मांग करते हैं, नहीं देने पर लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं, नशे की हालत में गाली गलौज करते हैं, फिर मुश्किल से वाहन चालक लकड़ी के गोले या बिजली के खंभे को हटाकर अपनी गाड़ी को निकालता है, आप अगर वाहन में एक या दो रहे तो काम नहीं आएगा, क्योंकि वो आपके ऊपर हावी हो जाएगा। होली पर्व के समय रात्रि में डोंगरगांव में होने वाले कवि सम्मेलन में सुनने के इच्छुक लोग भी इस मार्ग से जाने से डरते हैं क्योंकि इस मार्ग में भी कुछ वर्ष पूर्व जगह जगह लकड़ी के गोले और बिजली के खंभे को रखकर रोड़ को बंद कर दिया गया था। आसपास के गांवों के लोगों ने अंदर गांव जाने वाले मार्गों पर लगातार गस्त करने की मांग पुलिस से की है ताकि असामाजिक तत्वों के कारण लोगों और वाहन चालकों को कोई परेशानी ना हो।

## जयंत साहू को बी. ई.ओ. बनने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दी बधाई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई डोंगरगांव के पदाधिकारियों ने जयंत साहू को डोंगरगांव के बी. ई.ओ. बनने पर गुलदस्ता व उपहार भेंटकर स्वागत करते हुए बधाई दिया। साथ ही शिक्षकों की लंबित माँग प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पूर्ण पेंशन,क्रमोन्नति, व अन्य माँगो पर चर्चा किया गया। स्वागत कार्यक्रम इस अवसर पर शैलेन्द्र यदु प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं सम्भागीय प्रभारी, गिरीश हिरवानी ब्लॉक अध्यक्ष, किशन लाल देशमुख सचिव, महेश ठाकुर संयोजक, माधव साहू उपाध्यक्ष, दिनेश द्विवेदी महामंत्री, संजीव गंधर्व जिला पदाधिकारी, गुलाब हरिहारनो,लच्छू साहू, गैंद लाल डहरे, डामन लाल साहू, धनसाय सलामे, माखन रात्रे, दीपिका साहू, मिताली कटकवार, शशि ठाकुर उपस्थित थे।



# वनांचल क्षेत्र में गूंजा मनरेगा बचाव पदयात्रा मरकाकसा से जोब तक निकला जनसैलाब

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष दीपक बैज जी के दिशा निर्देशन में संचालित च्मनरेगा बचाओ संग्रामज्ज् अभियान के क्रम में, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव जी की गरिमामय उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में वनांचल क्षेत्र में मनरेगा बचाव पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। ग्रामीण मजदूरों, किसानों एवं महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि मनरेगा वनांचल की जीवनरेखा है।



पदयात्रा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के नेतृत्व में किया गया। इसका शुभारंभ ग्राम मरकाकसा बाजार चौक स्थित महात्मा गांधी जी के शैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मरकाकसा से प्रारंभ होकर यह यात्रा विभिन्न ग्रामों से गुजरती हुई जोब बाजार चौक पहुँची, जहाँ आमसभा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव जी ने कहा कि ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों को लगभग समाप्त करना, वित्तीय जिम्मेदारी का बोझ राज्यों पर डालना और कार्य उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को निष्प्रभावी बनाना—ये सभी बदलाव मनरेगा को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश हैं। कांग्रेस की ऐतिहासिक मनरेगा योजना में इस प्रकार के जनविरोधी परिवर्तन कर ग्रामीण मजदूरों की रोजी-रोटी पर चोट की जा रही है। आज हालात यह हैं कि गांवों में योजना के अंतर्गत ठोस कार्य लगभग ठप हैं, जिससे वनांचल क्षेत्र के हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक की इस लड़ाई को सड़कों से लेकर सदन तक निर्णायक रूप से लड़ेगी। पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू जी ने कहा कि कांग्रेस की मनरेगा योजना में गलत परिवर्तन करके इसे जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। जिन प्रावधानों के कारण ग्रामीणों को नियमित काम मिलता था, उन्हें जटिल प्रक्रियाओं और नई शर्तों के माध्यम से निष्प्रभावी बना दिया गया है। आज स्थिति यह है कि इस योजना के अंतर्गत गांवों में कोई ठोस कार्य दिखाई नहीं दे रहा और मजदूर काम के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर रोजगार की गारंटी वाली योजना को कमजोर किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव-गांव शराब दुकानों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो ग्रामीण समाज के भविष्य के लिए घातक है।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया प्रभारी श्री महेंद्र यादव जी ने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं बल्कि ग्रामीण स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त राहुल तिवारी, पंकज बांधव, चुम्मन साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन ने भी सभा को संबोधित किया। सभा का संचालन छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू द्वारा किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ 1 के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602095200030**

विषयः- ब-121

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2025-2026

कटली प.ह.न. 00019 [(हे0) ]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - राधेलाल,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेलाल पिता सुकलाल जाति गोंड सा. कटली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने भाई गोविन्द आ. सुकलाल का मृत्यु दिनांक 14.02.2025 को ग्राम कटली में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत भैंसरा का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक 11.03..2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602092200005**

विषयः- ब-121

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2025-202-

रेंगाकठेरा प.ह.न. 00032 [(हे0) ]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार देवकी बाई साहू,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवकी बाई साहू पति राजाराम जाति तेली सा. रेंगाकठेरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नाति रामरतन साहू आ. टिकेश्वर साहू का जन्म दिनांक 10/01/2018 को रेंगाकठेरा में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है 7 अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 16/03/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार तहसील - डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) सूचना की सार्वभौमिक पहुँच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?*

*2) संवादिनी का संबंध किस आंदोलन से है?*

*3) कौन नालंदा कॉलेज बुद्धिस्ट स्टडीज, कनाडा के संस्थापक हैं?*

*4) भारत और अमेरिका के बीच मुक्ताकाश समझौता किस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ था?*

*5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेनेमास्पिस वांगोघी किस प्रजाति से संबंधित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 28 सितम्बर (2) दलित नारीवादी साहित्यिक आंदोलन (3) सुवाण्डा एच. जे. सुगुनासिरी (4) 2005 (5) छिपकली

# कबीरधाम में लूट गिरोह का भंडाफोड़, कुकदूर पुलिस की सटीक रणनीति से एक नाबालिक सहित 6 आरोपी गिरफ्तार, लूटा गया सामान बरामद

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कबीरधाम अंतर्गत थाना कुकदूर क्षेत्र में हाल के दिनों में तीन अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें राह चलते लोगों को डरा-धमकाकर नगदी, मोबाईल फोन एवं मोटर सायकल जैसी संपत्ति लूट ली गई थी। इन घटनाओ के पीड़ित प्रारंभिक रूप से भय के कारण थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने से कतरा रहे थे, परंतु थाना कुकदूर पुलिस द्वारा पीड़ितों को समझाइश देकर हौसला बढ़ाया गया, सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया समझाई गई, जिसके बाद पीड़ितों ने साहस दिखाते हुए विधिवत रिपोर्ट दर्ज कराई।

घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल प्रभाव से विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के निर्देशन में तथा एसडीओपी पंडरिया श्री भूपत सिंह धनश्री के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर सघन पतासाजी, तकनीकी साक्ष्य संकलन, संदिग्धों से पूछताछ एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

पहली घटना दिनांक 07/02/2026 की है, जिसमें ग्राम कबराटोला निवासी वाहन चालक के साथ ग्राम भुरभुसपानी से लगभग 02 किलोमीटर आगे घाटी के पास डंडा दिखाकर डराने-धमकाने के बाद जेब में रखे 5000 रुपये नगद की लूट की गई थी। दूसरी घटना दिनांक 26/02/2026 की है, जिसमें ग्राम सिंगपुर निवासी युवक के साथ कुई-बदना मार्ग



पर बुडूनरान नाला के पास तीन आरोपियों द्वारा मारपीट कर मोबाईल फोन एवं नगदी लूट ली गई थी तथा मोटर सायकल की चाबी भी लेकर फरार हो गए थे। तीसरी घटना दिनांक 19/02/2026 की है, जिसमें ग्राम छिन्दीडीह निवासी युवक को बहाने से मोटर सायकल में बैठाकर दमगढ़-नेऊर मार्ग पर पुल के पास रोककर मारपीट कर उसकी मोटर सायकल लूट ली गई थी।

मामले में थाना कुकदूर में 3 अलग अलग अपराध क्रमांक 10/2026, 11/2026, 12/2026 दर्ज किया गया है। घटनाओं की तफ्तीश के दौरान पुलिस टीम द्वारा इलाके में लगातार दबिश दी गई, संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई और तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कुल 06 आरोपियों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 01 विधि से संघर्षरत बालक है तथा 05 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कार्यवाही शेष है इसलिए उनके नाम उजागर नहीं किए जा रहे है। पहचान कार्यवाही पूर्ण होने से उनके नाम पृथक से जारी किए जाएंगे। विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत पृथक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों की निशानदेही पर तीनों घटनाओं में लूटा गया सामान बरामद किया गया है, जो इस प्रकार है - (01) नगद राशि, (02) मोबाईल फोन, (03) मोटर सायकल, पूरे प्रकरण में थाना कुकदूर पुलिस की सतर्कता, सतत मेहनत एवं पेशेवर कार्यशैली से यह स्पष्ट होता है कि अपराधी चाहे जितनी भी चालाकी से वारदात को अंजाम दें, वे कानून की पकड़ से नहीं बच सकते। क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है तथा संवेदनशील मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना होने पर भयभीत न हों, तत्काल पुलिस को सूचना दें। कबीरधाम पुलिस अपराध करने वालों के विरुद्ध आगे भी और अधिक कठोर कार्यवाही करेगी। ऐसे कृत्यों में संलिप्त अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कबीरधाम पुलिस के चंगुल से कोई भी अपराधी नहीं बच पाएगा और अपराध की राह चुनने वालों का अंतिम ठिकाना जेल ही है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक- हीरेंद्र प्रताप सिंह,मनोज तिवारी,संजू झारिया आरक्षक- अजय कांत तिवारी,संदीप पांडेय,दूज राम,पंच राम बघेल,रामकुमार पाटले,कृष्ण कुमार धुर्वे,ईश्वर चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।

## श्रद्धांजलि काव्यांजलि कवि सम्मेलन 3 मार्च को

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव नगर के वरिष्ठ साहित्यकार




डॉ. कवि रमेश जैन च्राहीज् के 27 फरवरी 2026 को हुए स्वर्गवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि काव्यांजलि कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय शाकाहार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पवन जैन च्प्रेमीज् के संयोजन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों से पधार रहे प्रतिष्ठित कवि काव्यपाठ के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही, डॉ. कवि रमेश जैन च्राहीज् की स्मृति में चयनित कवियों को ज्ञान गौरव सम्मान एवं अहिंसा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आमंत्रित कविगण—नवाज कौर (गीत, ग़ज़ल — गाज़ियाबाद), सुष्टि विया गवला (श्रृंगार गीत — चुनास), महेन्द्र मदगुर (हास्य व्यंग्य — उज्जैन), कामता प्रसाद (हास्य व्यंग्य — रीवा), पुनीत पांताल (ओज — फरीदाबाद), पवनी कुमारी (ओज — धनबाद, झारखंड), उत्कर्ष उत्तम (हास्य व्यंग्य — रायबरेली), कार्यक्रम का विवरण : 03 मार्च 2026, मंगलवार समय: रात्रि 8:00 बजे स्थान: शिव मंदिर बाजार चौक, डोंगरगांव,आयोजकों ने समस्त नगरवासियों एवं साहित्यप्रेमियों से सपरिवार उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है।

## निधन

**बुधराम यादव**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लेबर कॉलोनी निवासी एवं कॉलोनी के वरिष्ठ सदस्य श्री कमल यादव जी पिता स्वर्गीय श्री बुधराम यादव का दिनांक 1 मार्च रात्रि 8:00 बजे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया। श्री यादव जी लगभग 64 वर्ष के थे एवं पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे शासकीय मुद्रणालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। और छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला राजनांदगांव इकाई के सक्रिय सदस्य थे। अपने सरल, मिलनसार एवं सौम्य स्वभाव के कारण वे कॉलोनी में अत्यंत सम्मानित थे। वे स्वर्गीय श्री मुन्नालाल यादव के छोटे भाई, बड़े भाई, विमल एवं राजा के चाचा तथा गोल्डी यादव के पिता थे। अपने पीछे वे धर्मपत्नी, पुत्र, पुत्री एवं नाती-पोतों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्वर्गीय श्री यादव जी की अंतिम यात्रा उनके निज निवास लेबर कॉलोनी मकान नंबर 137 से दिनांक 2 मार्च दोपहर 12:30 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली गई जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



# विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एल. पात्रे को भावभीनी विदाई

**बीईओ का प्रभार जयंत साहू को मिला,**

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आर.एल.पात्रे विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण का 28 फरवरी को सेवानिवृत हुए सेवानिवृत्ति के पश्चात डोंगरगांव विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक के द्वारा अविस्मरणी विदाई समारोह का आयोजन वन चेतना केंद्र मनगटा में आयोजित किया गया इस आयोजन में विकासखंड डोंगरगांव के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वय ने एक सुंदर सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में जयंत साहू क्षितिज सोरी किशन देशमुख रश्मि ठाकुर अरविंद रत्नाकर बी.आर.सी. डोंगरगांव की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्वयं श्री पात्रे के उपस्थिति में भगवान राम के संकीर्तन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ तत्पश्चात विदाई गीत यशवंत देवांगन नूतन हिरवानी धनसाय सलामे के द्वारा प्रस्तुत किया गया सभी शैक्षिक समन्वयक ने अपने-अपने उद्बोधन में श्री पात्रे के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें माखनलाल रात्रे के द्वारा कविता पाठ किया गया शत्रुघ्न तिवारी डामन साहू दानीराम वर्मा सनत कुमार साकरे दिलेश्वर साडिल्य ने अपनी वक्तव्य में पात्रे जी के स्वच्छ धवल कृति के संदर्भ में अपनी बात कहें कार्यक्रम के संचालन संकुल समन्वयक नीलमणि साहू के द्वारा किया गया कार्यक्रम की उद्बोधन की कड़ी में रश्मि ने पात्रे में पिता की छवि और अपना संरक्षक और मार्गदर्शन के बारे में बताया गया सोरी ने पात्रे के व्यक्तित्व में प्रकाश डालते हुए बोले सीधा सरल स्वभाव के व्यक्ति दुबारा नहीं मिलेंगे देशमुख ने उनके बारे में बोले की अधिकारी और कर्मचारियों के बीच बहुत बहुत ही सुंदर तालमेल बनाकर के रखते थे जयंत साहू प्रभारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए हैं उन्होंने बीईओ का प्रभार संभालने के बाद कहा कि निर्विवाद निर्बाध रूप से अपने कार्यकाल को पूर्ण किए किसी अधिकारी का यह पहला कार्यकाल है जो एक ही स्थान पर 7 वर्ष तक पद पर बने रहे। पत्रकार जनप्रतिनिधि और पालक के बीच बहुत ही अच्छा तालमेल बनाकर के रखते थे जिसके कारण शिक्षा विभाग की छवि बहुत अच्छी रहीं हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव श्री. पात्रे द्वारा शिक्षा विभाग में प्रदत्त आपकी मेहनतसमर्पण और मार्गदर्शन ने सभी शिक्षक के लिए एक उच्च आयाम स्थापित किया है।आपके सहज व सरल व्यवहार के मध्य कुशल प्रशासनिक दक्षता के साथ यहाँ बिताए गए शानदार सफर के लिए हम आपके आभारी हैं।आपकी कार्यशैली अडिग निष्ठा,असीम तप और अदभुद त्याग का जीवंत उदाहरण है।



## नगर के 2 बॉडीबिल्डर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्पर्धा में भाग लेंगे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के 2 उभरते हुए बॉडी बिल्डर का 3 मार्च से विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालयीन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2026 में हिस्सा लेंगे।



गोविन्द निषाद



निशांत उमरे

राष्ट्रीय निर्णायक तामेश्वर बंजारे ने बताया कि गोविन्द निषाद और निशांत उमरे जो शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थी है। विगत दिनों आयोजित की गई स्पर्धा में मि. युनिवर्सिटी का खिताब गोविन्द व रनरअप निशांत उमरे रहे। वे दिग्विजय महाविद्यालय स्थित जिम फिटनेश सेंटर में अभ्यासरत है। ये दोनों खिलाड़ी आंध्रप्रदेश विशाखापट्टानम में युनिवर्सिटी में 3 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाली स्पर्धा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। गोविन्द निषाद व निशांत उमरे नगर के उभरते बॉडी बिल्डर है। जो अपनी कडी मेहनत, निरंतर अभ्यास से इस स्पर्धा के लिए चयनित हुए है। उनके इस उपलब्धि पर आयरन खेलों से जुडे हुए पदाधिकारी एवं खिलाडियों व अभिभावकगणों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी तामेश्वर बंजारे (नेशनल रैफरी द्वितीय क्लास) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी ।

# वनांचल ग्राम रैंगाखार में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

## 87 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, 119 ग्रामीणों की जांच, 8 लोगों ने किया रक्तदान

**पदमराज सिंह ठाकुर**

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। जिले के बैगा बाहुल्य वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रैंगाखार में नि:शुल्क सोनोग्राफी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वनांचल क्षेत्र में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 87 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, 119 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच और 8 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। यह शिविर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। जिससे दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिला।

**मातृ सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम, हाई-रिस्क गर्भावस्था की समय पर पहचान**

शिविर में 87 गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क सोनोग्राफी की गई। जांच के माध्यम से गर्भ में पल रहे शिशु के विकास की जानकारी मिली और जिन महिलाओं में जोखिम की आशंका थी,



उन्हें तुरंत चिकित्सकीय सलाह दी गई। डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच कराने, संतुलित आहार लेने, खून की कमी से बचाव, आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां लेने तथा संस्थागत प्रसव कराने की सलाह दी। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि दूर-दराज क्षेत्र में ऐसी सुविधा मिलना उनके लिए बड़ी राहत है।

**सोनोग्राफी की उपयोगिता**

सोनोग्राफी से गर्भ में शिशु के विकास की निगरानी, गर्भावस्था व प्रसव तिथि की पुष्टि, प्लेसेंटा और अम्नियोटिक द्रव की जांच की जाती है। इससे जन्मजात विकृतियों, प्लेसेंटा प्रीविया जैसी जटिलताओं तथा एक से अधिक शिशु की पहचान संभव होती है। यह जांच सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**119 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच**

शिविर के दौरान 119 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच (ओपीडी) की गई। मरीजों को बुखार, कमजोरी, ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी सामान्य समस्याओं की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। डॉक्टरों ने लोगों को साफ-सफाई, पोषण और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में भी समझाया।

## धर्म समाचार....

# इस बार की शीतला अष्टमी क्यों मानी जा रही है बेहद खास ? एक नजर शुभ मुहूर्त और संयोग पर




वैदिक पंचांग के अनुसार, बुधवार 11 मार्च को शीतला अष्टमी है। यह पर्व हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर ममतामयी मां शीतला की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि जगत की देवी मां शीतला की पूजा करने से शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आती है। ज्योतिषियों की मानें तो शीतला अष्टमी पर कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में जगत की देवी मां शीतला की पूजा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। आइए, शीतला अष्टमी के बारे में सबकुछ जानते हैं-

**शीतला अष्टमी शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरुआत 11 मार्च को देर रात 01 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगी और 12 मार्च को सुबह 04 बजकर 19 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार यानी उदया तिथि गणना से 11 मार्च को शीतला अष्टमी मनाई जाएगी। शीतला अष्टमी पर पूजा के लिए शुभ समय 11 मार्च को सुबह 06 बजकर 36 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 27 मिनट तक है। इस दौरान साधक देवी मां शीतला की पूजा कर सकते हैं।

**शीतला अष्टमी शुभ योग**

ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इस दिन सिद्धि योग का संयोग सुबह 09 बजकर 13 मिनट से है। इसके साथ ही शिववास योग का भी संयोग है। शिववास योग का संयोग 12 मार्च को सुबह 04 बजकर 19 मिनट तक है। इस दौरान मां शीतला की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही आरोग्य जीवन का वरदान मिलेगा।

## चंद्रग्रहण के कारण होली खेलने की तारीख को लेकर पंचांगभेद

इस साल होली की तारीख को लेकर भ्रम है। पूर्णिमा तिथि दो दिन रहेगी और चंद्रग्रहण भी रहेगा। इसी वजह से ये भ्रम है कि होली कब जलाएं और रंग कब खेलें। मान्यता है कि होलिका दहन पूर्णिमा तिथि की रात में ही होना चाहिए। 3 मार्च की शाम को ग्रहण समाप्त होने के बाद शुद्धिकरण और स्नान किया जाएगा। 2 मार्च की शाम करीब 5.45 से पूर्णिमा शुरू हो रही है और 3 मार्च की शाम करीब 5 बजे तक रहेगी। 3 को चंद्रग्रहण दोपहर करीब 3.21 बजे से शुरू होगा और शाम 6.47 बजे तक रहेगा। यह भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक भी है। चंद्रग्रहण का सूतक ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले लग जाता है। इस दिन सुबह 6.21 बजे सूतक शुरू होगा और शाम को 6.47 बजे ग्रहण खत्म होने तक रहेगा। ग्रहण और सूतक के समय में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं, इसलिए कुछ ज्योतिषियों का मानना है कि 3 मार्च को रंग-गुलाल नहीं खेलना चाहिए। सूतक के समय में मंत्र जप, दान-पुण्य करना चाहिए। ग्रहण और सूतक की वजह से 4 मार्च को रंगों की होली (धुलंडी) मनाई जाने की सलाह दी जा रही है। मध्य प्रदेश और राजस्थान के अधिकतर पंचांगों में धुलंडी 3 मार्च को ही बताई गई है। कुछ पंडितों का कहना है कि होलिका दहन 2 मार्च की रात होगा, तो होली 3 तारीख को खेल सकते हैं,



क्योंकि लोक परंपराओं के अनुसार अधिकतर लोग होलिका दहन के अगले दिन ही होली खेलते हैं। होलिका दहन पूर्णिमा तिथि में, सूर्यास्त के बाद और भद्राकाल रहित समय में किया जाता है, लेकिन इस बार 2 मार्च की शाम 5.45 बजे से भद्राकाल शुरू होगा और 3 तारीख की सुबह 5.23 बजे तक रहेगा। पंडितों का कहना है कि अगर फाल्गुन पूर्णिमा पर ग्रहण हो तो उससे पहले की रात में भद्राकाल रहित समय में होलिका दहन कर सकते हैं। 2-3 मार्च की मध्य रात्रि में भद्रा पुच्छ काल लगभग 1:16 बजे से 2:25 बजे तक रहेगा। इस समय में होलिका दहन कर सकते हैं। अगर इस समय में होलिका दहन नहीं कर पा रहे हैं तो 3 मार्च की सुबह सूर्योदय से ठीक पहले 6:20 बजे तक कर सकते हैं। अखिल भारतीय विद्वत परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजेश्वर शास्त्री मुसलगांवकर के मुताबिक, पूर्णिमा के साथ भद्रा होने पर भद्रा का मुख काल छोड़कर रात्रि में होलिका दहन किया जा सकता है। काशी के विद्वानों ने भी स्पष्ट किया है कि होलिका दहन 2 मार्च की रात में करना शुभ है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कल भगवान राधाकृष्ण संग भव्य रंगोत्सव शोभायात्रा



**सुबह 9:20 बजे कामठी लाइन से निकलेगी भव्य यात्रा**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी नगर में होली के अवसर पर आयोजित होने वाला पारंपरिक रंगोत्सव इस वर्ष भी भव्यता और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा 04 मार्च को भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 9:20 बजे मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान को रथ पर विराजमान कर आरती पश्चात यात्रा प्रारंभ होगी।

**मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में होगी रवानगी**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष ( केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ) नीलू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत तथा पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख शामिल होंगे। सभी अतिथि भगवान की पूजा-आरती कर शोभायात्रा को विधिवत रवानगी देंगे।

**चंद्रग्रहण के कारण बदली तिथि**

समिति ने जानकारी दी कि 02 मार्च को होलिका दहन होगा। 03 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण इस वर्ष धुलेंडी (रंगोत्सव) 04 मार्च को मनाई जाएगी।

**विस्तृत शोभायात्रा मार्ग**

शोभायात्रा कामठी लाइन मंदिर से प्रारंभ होकर भारत माता चौक, हलवाई लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, जगन्नाथ मंदिर मार्ग, गौशाला पारा, तेली पारा, जैन दादा बाड़ी मंदिर, जैन मंदिर, रामदेव बाबा मंदिर, गंज बालाजी मंदिर, गंज लाइन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, दासी श्याम गली होते हुए पुनः सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी। दोपहर लगभग 12:30 बजे समापन होगा।


**वृंदावन की तर्ज पर भक्त और भगवान साथ**

लगभग चार दशक पूर्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष एवं मंदिर समिति के ट्रस्टी स्व. नथमल जी अग्रवाल की प्रेरणा से प्रारंभ यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ निभाई जा रही है। वृंदावन की तर्ज पर यहां भक्त और भगवान एक साथ रंग खेलते हैं।

मंदिर समिति द्वारा प्राकृतिक टेसू (पलाश) के फूलों, गुलाब जल एवं इत्र से विशेष सुगंधित केसरिया रंग तैयार किया जाता है। लगभग 3000 लीटर रंग की व्यवस्था की जाती है, जो रथ से भक्तों पर फुहार के रूप में डाला जाता है।

**चलित झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र**

गणेश विसर्जन झांकी की तर्ज पर भव्य चलित झांकी तैयार की गई है। स्थानीय कलाकारों द्वारा झांकी प्रभारी लक्ष्मण लोहिया के निर्देशन में इसका निर्माण किया गया है। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को एकरूपता के लिए साफा, पगड़ी या आकर्षक टोपी पहनाई जाएगी।



**भजनों की गूंज और स्वागत की परंपरा**

फागुन के सुमधुर भजनों के साथ युवक, बच्चे एवं बुजुर्ग नृत्य करते हुए यात्रा में शामिल होंगे। नगर के सभी भजन गायक इस दौरान अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे । पूरे मार्ग में नागरिकों द्वारा ठंडाई, मिठाई, फल एवं जलपान की व्यवस्था की जाएगी।

**काले एवं तैलीय रंग रहेंगे वर्जित**

समिति ने स्पष्ट किया है कि शोभायात्रा में काले एवं तैलीय रंगों का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। केवल केसरिया, लाल एवं गुलाबी रंग एवं गुलाल का ही उपयोग किया जाएगा।सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने कहा, कि च्व्यह रंगोत्सव केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक है। जब से यह शोभायात्रा प्रारंभ हुई है, तब से होली के दौरान होने वाली अव्यवस्थाएं और अशोभनीय रंगों का प्रचलन कम हुआ है। आज लोग सुगंधित केसरिया रंग में शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से होली मनाते हैं। शोभायात्रा में उपस्थित भगवान राधाकृष्ण के ऊपर कोई भी भक्त बिना किसी भेदभाव , ऊंच - नीच , अमीर - गरीब के रंग गुलाल , एवं प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकते है । हमारा उद्देश्य है कि भक्त और भगवान के इस दिव्य मिलन के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का संदेश पहुंचे।

## आबादी भूमि में निवासरत परिवारो को नियमानुसार आवास योजना का लाभ देने निगम में आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत बी.एल.सी. घटक अनुसार स्वयं की भूमि होने पर आवास निर्माण का लाभ देने पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण करने हेतु 250000.00 रुपए की राशि चरणबद्ध स्तर पर जीयो ट्रैंगीग की स्वीकृति के उपरांत स्पर्श पद्धति से हितग्राही के आधार आधारित बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाती है। ताकि उनका पक्का आवास का सपना पूरा हो सके। इसी तारतम्य में आबादी भूमि में काबीज परिवारो को भी आवास निर्माण के लिए शासन के निर्देशानुसार लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है।



निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आबादी भूमि पर काबीज परिवार को शासन योजना का लाभ देने के संबंध में जानकारी दी कि शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार निकाय क्षेत्र के आबादी (प्रचलित एवं संरक्षित) भूमि पर काबिज परिवारों को योजना के द्वितीय चरण 2.0 अंतर्गत सम्मिलित किया जाना है ताकि उन्हें आवास योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिले के नजूल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी से जानकारी मांगी गयी है कि आबादी भूमि का क्षेत्र निकाय में कितने वार्डों में है, तथा किस खसरे में आबादी भूमि है। सम्बंधित विभाग से जानकारी उपलबध होने पर निकाय स्तर पर पूर्व से गठित सर्वेक्षण समिति एवं जांच समिति के द्वारा ऐसे आबादी भूमि पर काबिज परिवारों का सर्वेक्षण कर आवास हिन सभी परिवारों को योजना के अंतर्गत आवास निर्माण करवाए जायेगे। जिससे उनका पक्का आवास का सपना सकार हो सके। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आमजन से यह अपील की है कि ऐसे परिवार जो निकाय क्षेत्र में आबादी भूमि पर वर्षों से काबिज है और उन परिवारों के पास अपना पक्का मकान नहीं है, ऐसे परिवार भूमि पर काबिज होने का कोई साक्ष्य जैसे भूमि का पट्टा (अस्थाई/कालातीत) विद्युत देयक रसीद/संपत्तिकर रसीद/समेकितकर रसीद प्रस्तुत करने पर तथा विवाद मुक्त भूमि होने की स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत आप अपनी स्वयं की भूमि पर जिस पर आप 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निवासरत है योजना के तहत आवास निर्माण करने हेतु नगर पालिका निगम के कक्ष क्रमांक 19 में आवेदन कर सकते है। आवेदन के परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियो को नियमानुसार आवास योजना का लाभ दिया जायेगा।

## रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सपोर्ट पर एक दिवसीय सेमिनार 06 मार्च को

**MSME विकास संस्थान रायपुर एवं CAIT के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को बाजार से जोड़ने और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से MSME विकास संस्थान, रायपुर द्वारा Confederation of All India Traders (कैट) राजनांदगांव के सहयोग से च्प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सपोर्टज्ज् विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दिनांक 06 मार्च 2026 को शाम 05:00 बजे से एबिस ग्रीन, राजनांदगांव में आयोजित होगा।

**इन विषयों पर होगा विशेष फोकस**- सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों द्वारा रूस्रूश्व इकाइयों, व्यापारियों एवं महिला उद्यमियों को निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी— पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग, ऑनलाइन मार्केटिंग के आधुनिक माध्यम, GeM पोर्टल के माध्यम से शासकीय खरीदी, निर्यात (एक्सपोर्ट) की संभावनाएं, क्लस्टर विकास योजना

**उद्देश्य:** व्यापार को नई दिशा देना- आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों एवं उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं विपणन रणनीतियों से जोड़ते हुए उनके व्यवसाय को नई गति प्रदान करना है। विशेष रूप से महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह सेमिनार उपयोगी सिद्ध होगा।

**व्यापारियों से सहभागिता की अपील**- आयोजक संस्था के राजू डागा ने जिले के सभी व्यापारी बंधुओं एवं महिला उद्यमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विचार-विमर्श का लाभ लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## जनगणना 2026-27 के प्रारंभिक तैयारी के लिए निगम में प्रशिक्षण संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत की जनगणना 2026-27 के लिए मकान सूचीकरण कार्य शासन के निर्देशानुसार अप्रैल से सितम्बर 2026 के मध्य निर्धारित 30 दिनों की अवधि में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा मकान सूचीकरण कार्य संपादित करने 1 मई से 30 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है। जनगणना संबंधी दिशा निर्देश के परिपालन तथा प्रारंभिक तैयारी व मकान सूचीकरण के लिए नगर निगम टाउन हाल में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में निगम के अधिकारियो व कर्मचारियो को भवन नम्बरिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया गया। भवन नम्बरिंग के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियो व कर्मचारियो को जिला मास्टर ट्रेनर श्री दीपक ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जानकारी दी गयी कि जनगणना कार्य में सर्व प्रथम मकान सूचीकरण एवं मकान नम्बरिंग कार्य किया जायेगा, जिसके लिए प्रत्येक वार्ड के भवन/मकानो को क्रमशः नम्बर दिया जायेगा। जिसके आधार पर जनगणना ब्लाको का निर्धारण किया जायेगा। यह कार्य वार्ड के प्रभारी उप अभियंताओ के मार्गदर्शन में किया जाना है। इस संबंध में शासन के नियमों की जानकारी दी गयी। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्रशिक्षण में कहा कि शासन द्वारा जनगणना 2026-27 का कार्य किया जाना है, जिसके लिये आज प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनगणना कार्य बहुत महत्वपूर्ण कार्य है, इसमे किसी प्रकार की कोताही नही करना है, शासन के निर्देशानुसार चरणबद्ध निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कार्य संपादित करना है। मकान, भवन नम्बरिंग कार्य गंभीरता से करना है, जिसमें कोई भी भवन, मकान न छुटे। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारी से सौपे गये दायित्वों का समय सीमा में सम्पादित करने कहा। प्रशिक्षण में प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी,प्र.सहाकय अभियंता श्री गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित अभियंतागण एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# ग्राम बिल्हारी में रॉयल्टी शून्य मुरुम का खुला खेल, डंके की चोट पर चल रहा अवैध खनन




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन-प्रशासन की सख्ती के दावों के बीच ग्राम बिल्हारी में मुरुम का अवैध खनन और परिवहन खुलेआम, डंके की चोट पर जारी है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल बिना रॉयल्टी के चल रहा है, और जिम्मेदार विभागों की निगाहें या तो झुकी हुई हैं या फिर बंद। ग्रामीणों का आरोप है कि दिनदहाड़े भारी मशीनों से खुदाई हो रही है और ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा डंपरों से मुरुम की ढुलाई की जा रही है, लेकिन कागजों में सब कुछ च्शून्यज् दिखाया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिनों से गांव के आसपास की जमीन को गहरे गड्ढों में तब्दील किया जा रहा है। खेतों की मेढ़ें टूट रही हैं, रास्ते खराब हो रहे हैं और धूल-गर्द से लोगों का जीना मुहाल है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब बिना रॉयल्टी के एक फावड़ा मिट्टी तक उठाना नियम विरुद्ध है, तो आखिर सैकड़ों घनमीटर मुरुम कैसे और किसकी शह पर निकल रही है? क्या खनिज विभाग को इसकी भनक नहीं, या फिर सब कुछ जानकर भी अनजान बना हुआ है? स्थानीय लोगों का कहना है कि रात ही नहीं, दिन में भी परिवहन हो रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली की कतारें गांव की सड़कों से गुजरती हैं, जिससे सड़कें उखड़ रही हैं और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और राहगीरों को हर पल डर बना रहता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब भी शिकायत की जाती है, तो कुछ समय के लिए गतिविधि धीमी पड़ जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अनियंत्रित खनन से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ता है। भू-जल स्तर प्रभावित होता है और वर्षा के समय जलभराव तथा कटाव की समस्या बढ़ती है। ग्राम बिल्हारी में भी ऐसे ही हालात बनने लगे हैं। जिन स्थानों से मुरुम निकाली गई है, वहां गहरे गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना रॉयल्टी के हो रहे इस खुले खेल में आखिर लाभ किसे पहुंच रहा है? शासन को राजस्व का चूना लग रहा है, गांव की जमीन बर्बाद हो रही है और आम नागरिक परेशान है।



इसके बावजूद जिम्मेदार अफसरों की चुप्पी कई संदेह खड़े करती है। क्या यह सब मिलीभगत का नतीजा है? यदि नहीं, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके पर जांच दल भेजा जाए, अवैध खनन पर रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, जिन स्थानों से मुरुम निकाली गई है, वहां सुरक्षा और समतलीकरण की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में किसी हादसे की आशंका न रहे। ग्राम बिल्हारी में चल रहा यह च्रॉयल्टी शून्यज् खेल न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही की भी परीक्षा ले रहा है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं और अवैध खनन के इस खुले खेल पर कब तक लगाम कस पाते हैं।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com